बिहार के पाँच ज़िलों में लगेंगे 26 लाख प्रीपेड मीटर

चर्चा में क्यों?

16 जून, 2022 को बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने हेतु बिज़ली कंपनी और सिक्योर मीटर्स के बीच सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किये गए।

प्रमुख बिंदु

- इस सहमति-पत्र के तहत उत्तर बिहार के पाँच ज़िलों- सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चंपारण व पश्चिमी चंपारण में अगले 30 महीने में 26 लाख प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे।
- राज्य के ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिये अभी तक देश का यह सबसे बड़ा करार है।
- ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव व बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के सीएमडी संजीव हंस ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर के प्रति उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया सुखद एवं उत्साहजनक है।
- उन्होंने कहा कि बिहार में अब तक 8.39 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मीटर लगाने हेतु सिक्योर मीटर्स के साथ सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prepaid-meters-will-be-installed-in-five-districts-of-bihar